ऊँ दामोदरायै नमः पादौ पूजयामि, ऊँ माधवाय नमः जानुनिं पूजयामि, ऊँ कामपतये नमः गुह्यं पूजयामि, ऊँ वामनाय नमः कटिं पूजयामि, ऊँ पद्मनाभाय नमः नाभिं पूजयामि, ऊँ विश्वमूर्त्तये नमः उदरं पूजयामि, ऊँ ज्ञानगम्याय नमः हृदयं पूजयामि, ऊँ श्रीकण्ठं नमः कण्ठं पूजयामि, ऊँ सहस्रबाहवे नमः बाहौ पूजयामि, ऊँ योगिने नमः नेत्रं पूजयामि, ऊँ उरगाय नमः ललाट पूजयामि, ऊँ सुरेश्वराय नमः नासिका पूजयामि, श्रवणेशाय नमः कर्णा पूजयामि, ऊँ सर्वकर्मप्रदाय नमः शिखा पूजयामि, ऊँ सहस्रशीर्षे नमः शिरः पूजयामि, ऊँ सर्वस्वःपिणे नमः सर्वाङ्ग पूजयामि। (गन्धाक्षत-पुष्प से पूजन करे)

परिमलद्रव्याणि समर्पयामि। सुगन्धिद्रव्यं समर्पयामि। धूपं आघ्रापयामि। दीपं दर्शयामि। हस्तप्रक्षालनम्। नैवेद्यं समर्पयामि। मध्ये आचमनं समर्पयामि। फलं समर्पयामि। पुनः आचमनं समर्पयामि। ताम्बूलं समर्पयामि। द्रव्यदक्षिणां समर्पयामि।

आरतिः-

ऊँ जय जगदीश हरे प्रभु! जय जगदीश हरे।
भक्तजनों के सङ्कट क्षण में दूर करे। ऊँ।
जो ध्यावे फलपावै, दुःख विनसै मनका। प्रभु।
सुख सम्पत्तिघर आवे, कष्टमिटे तन का। ऊँ।
मात-पिता तुम मेरे, शरणगहूँ किसकी। प्रभु।
तुमबिन और न दूजा, आस करुँ मैं किसकी। ऊँ।
तुम पूरण परमात्मा, तुम अन्तर्यामी। प्रभु।
पारब्रह्म परमेश्वर, तुम सबके स्वामी। ऊँ।
तुम करूणा के सागर, तुम पालनकर्त्ता। प्रभु।

मैं मूरख खलकामी, कृपाकरो भर्त्ता । ऊँ।

तुम हो एक अगोचर, सबके प्राणपति । प्रभु।

किसविधि मिलूँ दयामय! तुमको मै कुमति । ऊँ।

दीनबन्धु दुःखहर्त्ता तुम ठाकुर मेरे । प्रभु।

अपने हाथ उठाओ, द्वार पड़ा तेरे । ऊँ।

विषय विकार मिटाओ, पापहरो देवा । प्रभु।

श्रद्धाभक्ति बढ़ाओ, सन्तनपद सेवा । ऊँ।

तन, मन, धन सबकुछ है तेरा ।

तेरा तुझको अर्पण, क्या लागे मेरा । ऊँ।

श्रीजगदीशस्वामीकी आरती जो कोई नर गावे,

कहत शिवानन्द स्वामी मनवाञ्छित फलपावै । ऊँ।

पुष्पाञ्जलिः-

शान्ताकारं भुजगशयनं पद्मनाभं सुरेशम्,

विश्वाधारं गगन सदृशं मेघवर्णं शुभाङ्गम्।

लक्ष्मीकान्तं कमलनयनं योगिभिर्ध्यानगम्यम्,

वन्दे विष्णुं भवभयहरं सर्वलोकैकनाथम्।।

इस प्रकार सभी देवताओं का पूजन करके अक्षत पुष्प हाथ में लेकर निम्नलिखित मन्त्रों का उच्चारण करेः-

पत्रं पुष्पं फलं तोयं, रत्नानिविविधानि च। गृहाणार्घ्यं मयादत्तं देहि मे वाञ्छितं फलं।ःपं देहि जयं देहि, भाग्यं भगवन् देहि मे। पुत्रान देहि धनं देहि, सर्वान् कामांश्च देहि मे। फलेन फलितं सर्वं त्रैलाक्यं सचराचरम्। फलस्यार्घ्यप्रदानेन सफलाः सन्तु मनोरथाः।

निम्न मन्त्रों से अक्षप पुष्प समर्पित करेः-

ऊँ साङ्गाय सायुधाय सावाहनाय सपरिवाराय सशक्तिकाय। ऊँ नमो .... नमः। मन्त्रपुष्पाञ्जलिं समर्पयामि।

प्रदक्षिणाः- यानि कानि च पापानि ज्ञाताज्ञातकृतानि च।

तानि सर्वाणि नश्यन्ति प्रदक्षिण पदे पदे। (भगवान्शिव की आधी परिक्रमा, देवी की एक परिक्रमा, विनायक की तीन परिक्रमा, विष्णु की चार तथा सूर्य की सात परिक्रमा करनी चाहिए।)

तत्पश्चात्देवताओं को पञ्चाङ्ग-प्रणाम करते हुए उनका विसर्जन करेः-

विसर्जन:- यान्तु देवगणाः सर्वे पूजामादाय मामकीम्। इष्टकाम समृद्ध्यर्थं पुनरागमनाय च लक्ष्मी कुबेरौ विहाय।

इसके बाद अपने परिवार वालों के साथ निम्न मन्त्र द्वारा भगवान को नमस्कार करें -

प्रमादात् कुर्वतां कर्म प्रच्यवेताध्वरेषु यत्।
स्मरणादेव तद्विष्णोः सम्पूर्णं स्यादिति श्रुतिः।।

3.4-सारांश

इस इकाई में गणेश पूजन का विशेश रूप से वर्णन किया गया है। देवपूजन में वेद-मन्त्र, फिर आगम-मन्त्र और बाद में नाम-मन्त्र का उच्चारण किया जाता है। यहाँ इसी क्रम का आधार लिया गया है। जिन्हें वेद-मन्त्र न आता हो, उन्हें आगम मन्त्रो का प्रयोग करना चाहिये और जो इनका भी शुद्ध उच्चारण न कर सकें, उनको नाम-मन्त्रों से पूजन करना

3.5 शब्दावली

शब्द	**अर्थ**
गजाननम्	हाथी के समान मुख
भूतगणादि	भूत गण आदि
सेवितम्	सेवित है
कपित्थः	वानर
जम्बूफलम्	जम्बू फल
भक्षणम्	खाते है।
उमासुतम्	उमा के पुत्र
शोकविनाषकारकम्	शंकट को समाप्त करने वाले
नमामि	प्रणाम करता हूँ।
नमो देव्यै	देवी को नमस्कार है
महादेव्यै	महादेवी के लिये
षिवायै सततं नमः	पार्वती कोवार वार नमस्कार है
नमः प्रकृत्यै	प्रकृति को नमस्कार है
भद्रायै	कल्याण के लिये

ध्यानम्	ध्यान को
समर्पयामि	समर्पण करता हूँ
पञ्च	पाँच
आवाहन	देवों का पूजन में आवाहन
पञ्चायतन	समूह के पाँच देवता
अग्न्युत्तारण	मूर्ति को अग्नि में तपाना
अभिषेक	देवप्रतिमा को स्नान कराना
ताम्बूल	पान

3.6 -अभ्यासार्थ प्रश्न -उत्तर

अतिलघूत्तरीय- प्रश्न

1. प्रश्न-ब्रह्मा मुरारिस्त्रिपुरान्तकारी, भानुः शशी भूमिसुतोबुधश्च।
गुरूश्च शुक्रः शनिराहुकेतवः, कुर्वन्तु सर्वे मम सुप्रभातम्।। इस श्लोक से किसका स्मरण किया
जाता है?

उत्तर-इस श्लोक से त्रिदेवों के साथ नवग्रह का स्मरण किया जाता है

प्रश्न - : पञ्चदेवों के नाम बताईये ?

उत्तरः सूर्य, गणेश, दुर्गा, शिव और विष्णु।

3-प्रश्न - : गणपति पञ्चायन में किस देव की किस दिशा में स्थापना होती है ?

उत्तरः गणेश पंचायतन में ईशानकोण में विष्णु, अग्रिकोण में शिव, नैर्ऋत्यकोण में सूर्य तथ वायव्य कोण में देवी की स्थापना करते मध्य में प्रधानः में गणपति की स्थापना करते हुए यथोपचार पूजन करना चाहिए।

4-प्रश्न - गणेश के पूजन में किस अथर्वशीर्ष का पाठ करना चाहिए् ?

उत्तरः देवी के पूजन में गणेशाथर्वशीर्ष का पाठ करना चाहिए।

5-प्रश्न - शिव पञ्चायन में किस देव की किस दिशा में स्थापना होती है ?

उत्तरः शिव पञ्चायतन पूजन में ईशानकोण में विष्णु, अग्निकोण में सूर्य, नैर्ऋत्यकोण में गणेश, वायव्यकोण में देवी तथा मध्य में प्रधानःप में शिव की स्थापन करते हुए पूजन करना चाहिए।

6-प्रश्न-भगवान् गणेश का ध्यान किस मन्त्र से किया जाता है?

उत्तर-गजाननं भूतगणादिसेवितं कपित्थजम्बूफलचारूभक्षणम्।

उमासुतं शोकविनाशकारकं नमामि विघ्नेश्वरपादपंकजम्।।

7-प्रश्न -भगवती गौरी का ध्यान किस मन्त्र से किया जाता है?

उत्तर-नमो देव्यै महादेव्यै शिवायै सततं नमः।

नमः प्रकृत्यै भद्रायै नियताः प्रणताः स्म ताम्।।

8-प्रश्न-ऋतुफल किस मन्त्र से चढाया जाता है?

उत्तर-ॐ याःफलनिर्या अफला अपुष्पा याश्च पुष्पिणीः।

वृहस्पतिप्रसूतास्ता नो मुंचन्त गं हसः।।

9-प्रश्न-ताम्बूल किस मन्त्र से चढाया जाता है?

उत्तर-ॐयत्पुरुषेण हविषा देवा यज्ञमतन्वत।

वसन्तोस्यासीदाज्यं ग्रीष्म इध्मःशरद्धविः।।

10-प्रश्न-पुष्पांजलि किस मन्त्र से किया जाता है?

उत्तर-ॐयज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्।

तेह नाकं महिमानः सचन्त यत्र पूर्वे साध्याः सन्ति देवाः।।

11-प्रश्न-भगवान् गणेश का ध्यान किस मन्त्र से किया जाता है?

उत्तर-गजाननं भूतगणादिसेवितं कपित्थजम्बूफलचारूभक्षणम्।

उमासुतं शोकविनाषकारकं नमामि विघ्नेष्वरपादपंकजम्।।

12-प्रश्न -भगवती गौरी का ध्यान किस मन्त्र से किया जाता है?

उत्तर-नमो देव्यै महादेव्यै षिवायै सततं नमः।

नमः प्रकृत्यै भद्रायै नियताः प्रणताः स्म ताम्।।

13-प्रश्न-ऋतुफल किस मन्त्र से चढाया जाता है?

उत्तर-ॐ याःफलनिर्या अफला अपुष्पा याश्च पुष्पिणीः।

वृहस्पतिप्रसूतास्ता नो मुंचन्त गं हसः।।

14-प्रश्न-ताम्बूल किस मन्त्र से चढाया जाता है?

उत्तर-ॐयत्पुरुषेण हविषा देवा यज्ञमतन्वत।

वसन्तोस्यासीदाज्यं ग्रीष्म इध्मःशरद्धविः।।

15-प्रश्न-पुष्पांजलि किस मन्त्र से किया जाता है?

उत्तर-ॐयज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्।

तेह नाकं महिमानः सचन्त यत्र पूर्वे साध्याः सन्ति देवाः।।

16-प्रश्न-पञ्चामृत के द्रव्य लिखिये ?

उत्तर - पञ्चामृत के द्रव्य - दूध, दही, घी, शहद, बूरा।

17-प्रश्न - पञ्चगव्य के द्रव्य लिखिये ?

उत्तर - पञ्चगव्य के द्रव्य - गाय का गोबर, गौमूत्र, गौदुग्ध, गाय का घी, गाय का दही।

18-प्रश्न - तुलसीदल किस देवता की पूजन में वर्जित तथा किस देवता को प्रिय है ?

उत्तर -तुलसीदल गणपति-पूजन में वर्जित तथा भगवानड्ढ् विष्णु को प्रिय है।

19-प्रश्न - भगवान शिव की कितनी प्रदक्षिणा करनी चाहिए ?

उत्तर - भगवान शिव की अर्द्ध-प्रदक्षिणा करनी चाहिए ?

20-प्रश्न- पूजन के पूर्व कितने आचमन किये जाते है ?

उत्तर - पूजन के पूर्व तीन बार आचमन किया जाता है।

बहुविकल्पीय प्रश्न

1. पंचामृत है-

क - घी, दूध, दही, बूरा, जल   ख - फल, दूध, दही, बूरा, शहद

ग - घी, दूध, दही, बूरा, शहद   घ -घी, दूध, इत्र, बूरा, शहद

2. पंचगव्य हैं-

क -गोबर,गौमूत्र,गौदुग्ध,घी,दही   ख - गोबर,गौमूत्र,शहद,घी,दही

ग - गोबर,गौमूत्र,गौदुग्ध,घी,जल   घ - गोबर,गौमूत्र,गौदुग्ध,इत्र,दही

3. पंचपल्लव हैं-

क - पीपल, आम, गूलर, बड़, अशोक   ख - पीपल, आम, गूलर, बड़, विल्व

ग - पीपल, आम, गूलर, बड़, अमरुद   घ - पीपल, आम, गूलर, नेवू, अशोक

4. पंचोपचार हैं-

क - गन्ध, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य   ख - गन्ध, पुष्प, धूप, फल, नैवेद्य

ग - गन्ध, पुष्प, धूप, दीप, इत्र   घ - वस्त्र, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य

5. पंचदेव हैं-

क - सूर्य, गणेश, शक्ति, शिव, हनुमान   ख - रुद्र, गणेश, शक्ति, शिव, विष्णु

ग - सूर्य, गणेश, शक्ति, शिव, विष्णु   घ - सूर्य, गणेश, शक्ति, पार्वती, विष्णु

6. भगवान् शिव की प्रदक्षिणा होती है-

क - एक ख - दो

ग - अर्द्ध घ -तीन

7. पूजन के पूर्व आचमन किये जाते हैं-

क -तीन बार ख -दो बार

ग -एक बार घ -चार बार

8. श्री महागणपतिस्वरूप प्रणव मन्त्र है-

क -गं गणपतये ख -गं

ग - गं गणपतये नमः घ - ऊँ

9. श्री महागणपति का प्रणव सम्पुटित बीज मन्त्र है-

क -गं गणपतये ख - ऊँ गं ऊँ

ग - गं गणपतये नमः घ - ऊँ

10. सबीज गणपति मन्त्र है-

क -गं गणपतये ख - ऊँ गं ऊँ

ग - गं गणपतये नमः घ - ऊँ

11. प्रणवादि सबीज गणपति मन्त्र है-

क -गं गणपतये ख - ऊँ गं ऊँ

ग - ऊँ गं गणपतये नमः घ - ऊँ

12. ऊँ नमो भगवते गजाननाय मन्त्र में अक्षरों की संख्या है-

क -दो ख -तीन

ग -बारह घ - चार

13. श्री गणेशाय नमः मन्त्र में अक्षरों की संख्या है-

क -सात ख -तीन

ग -बारह घ - चार

14. शक्तिविनायक मन्त्र है-

क -गं गणपतये ख - ऊँ गं ऊँ

ग - गं गणपतये नमः घ - ऊँ ह्रीं ग्रीं ह्रीं

15. शक्तिविनायक मन्त्र में अक्षरों की संख्या है-

क -सात ख -तीन

ग -बारह घ - चार

16. वक्रतुण्ड मन्त्र है-

क -गं गणपतये ख - ऊँ वक्रतुण्डाय हुम्

ग - गं गणपतये नमः घ - ऊँ ह्रीं ग्रीं ह्रीं

17. वक्रतुण्ड मन्त्र में अक्षरों की संख्या है-

क -सात ख -तीन

ग -बारह घ - छः

18. भाद्रपद मास में कृष्णपक्ष की चतुर्थी को मनायी जाती है। है-

क - गणेश चतुर्थी ख -तीज

ग -अष्टमी घ - नवमी

19. गणपति की शक्तियों का पूजन प्रारम्भ में किया जाता है-

क - एक शक्तियों का ख - द्वादश शक्तियों का

ग - नव शक्तियों का घ - दश शक्तियों का

20. गणपति पूजन में अथर्वशीर्ष का पाठ किया जाता है -

क - दुर्गा -अथर्वशीर्ष ख - सूर्य-अथर्वशीर्ष

ग - विष्णु-अथर्वशीर्ष घ - गणपति-अथर्वशीर्ष

21. गणपति के साथ पूजन किया जाता है -

क - दुर्गा ख - सूर्य

ग - विष्णु घ - गौरी

22. भद्रा में पूजन का विशेश महत्त्व है-

क - दुर्गा ख - सूर्य

ग - विष्णु घ – गणपति

उत्तर –

1. ग 2. क 3. क 4. क 5. ग 6. ग 7. क 8. घ 9. घ 10. ग 11. ग 12. ग 13. क 14. घ 15. घ 16. घ 17. घ 18. क 19. क 20. घ 21. घ 22. घ

3.7-सन्दर्भ-ग्रन्थ सूची

1-पुस्तक का नाम-दुर्गाचन पूजापद्धति

लेखक का नाम- शिवदत्त मिश्र

प्रकाषक का नाम- चौखम्भा सुरभारती प्रकाशन वाराणसी

2-पुस्तक का नाम-सर्वदेव पूजापद्धति

लेखक का नाम- शिवदत्त मिश्र

प्रकाशक का नाम- चौखम्भा सुरभारती प्रकाशन वाराणसी

3धर्मशास्त्र का इतिहास

लेखक - डॉ. पाण्डुरङ्ग वामन काणे

प्रकाशक:- उत्तरप्रदेश हिन्दी संस्थान।

4 नित्यकर्म पूजा प्रकाश,
लेखक:- पं. बिहारी लाल मिश्र,
प्रकाशक:- गीताप्रेस, गोरखपुर।

5 अमृतवर्षा, नित्यकर्म, प्रभुसेवा
संकलन ग्रन्थ
प्रकाशक:- मल्होत्रा प्रकाशन, दिल्ली।

6 कर्मठगुरुः
लेखक - मुकुन्द वल्लभ ज्योतिषाचार्य
प्रकाशक - मोतीलाल बनारसीदास, वाराणसी।

7 हवनात्मक दुर्गासप्तशती
सम्पादक - डॉ. रवि शर्मा
प्रकाशक - राष्ट्रीय संस्कृत साहित्य केन्द्र, जयपुर।

8 शुक्लयजुर्वेदीय रुद्राष्टध्यायी
सम्पादक - डॉ. रवि शर्मा
प्रकाशक - अखिल भारतीय प्राच्य ज्योतिश शोध संस्थान, जयपुर।

9 विवाह संस्कार
सम्पादक - डॉ. रवि शर्मा
प्रकाशक - हंसा प्रकाशन, जयपुर

3.8- सहायक पुस्तकें

1-पुस्तक का नाम-दुर्गाचनपद्धति

लेखक का नाम- शिवदत्त मिश्र

प्रकाशक का नाम- चौखम्भा सुरभारती प्रकाशन वाराणसी

3.9 निबन्धात्मक प्रश्न

1-प्रश्न - पुष्पाञ्जलि किस मन्त्र से किया जाता है इसका वर्णन करे-

उत्तर-

शान्ताकारं भुजगशयनं पद्मनाभं सुरेशम्,
विश्वाधारं गगन सदृशं मेघवर्णं शुभाङ्गम्।
लक्ष्मीकान्तं कमलनयनं योगिभिर्ध्यानगम्यम्,
वन्दे विष्णुं भवभयहरं सर्वलोकैकनाथम् ।।

इस प्रकार सभी देवताओं का पूजन करके अक्षत पुष्प हाथ में लेकर निम्नलिखित मन्त्रों का उच्चारण करेः-

पत्रं पुष्पं फलं तोयं, रत्नानिविविधानि च। गृहाणार्घ्यं मयादत्तं देहि मे वाञ्छितं फलं।:पं देहि जयं देहि, भाग्यं भगवन् देहि मे। पुत्रान देहि धनं देहि, सर्वान् कामांश्च देहि मे। फलेन फलितं सर्वं त्रैलाक्यं सचराचरम्। फलस्यार्घ्यप्रदानेन सफलाः सन्तु मनोरथाः।

निम्न मन्त्रों से अक्षप पुष्प समर्पित करेः-

ॐ साङ्गाय सायुधाय सावाहनाय सपरिवाराय सशक्तिकाय। ॐ नमो .... नमः। मन्त्रपुष्पाञ्जलिं समर्पयामि।

2-प्रश्न - प्रदक्षिणा किस मन्त्र से किया जाता है इसका वर्णन करे-

उत्तर-यानि कानि च पापानि ज्ञाताज्ञातकृतानि च।

तानि सर्वाणि नश्यन्ति प्रदक्षिण पदे पदे। (भगवान्शिव की आधी परिक्रमा, देवी की एक परिक्रमा, विनायक की तीन परिक्रमा, विष्णु की चार तथा सूर्य की सात परिक्रमा करनी चाहिए।)

तत्पश्चात्देवताओं को पञ्चाङ्ग-प्रणाम करते हुए उनका विसर्जन करेः-

3-प्रश्न -विसर्जन किस मन्त्र से किया जाता है इसका वर्णन करे-

यान्तु देवगणाः सर्वे पूजामादाय मामकीम्। इष्टकाम समृद्ध्यर्थं पुनरागमनाय च लक्ष्मी कुबेरौ विहाय।

इसके बाद अपने परिवार वालों के साथ निम्न मन्त्र द्वारा भगवान को नमस्कार करें -

प्रमादात् कुर्वतां कर्म प्रच्यवेताध्वरेषु यत्।
स्मरणादेव तद्विष्णोः सम्पूर्णं स्यादिति श्रुतिः।।

इकाई – 4 श्री गणपत्यथर्वशीर्षम्

इकाई की रुप रेखा

4.1 - प्रस्तावना

4.2 - उद्देश्य

4.3- श्री गणपत्यथर्वशीर्षम्

4.4- सारांश

4.5 - शब्दावली

4.6 -अभ्यासार्थ प्रश्न- उतर

4.7- सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

4.8 -उपयोगी पुस्तके

4.9- निबन्धात्मक प्रश्न

4.1- प्रस्तावना

कर्मकाण्ड से सम्बन्धित यह चौथी इकाई है इस इकाई के अध्ययन से आप बता सकते है कि श्री गणपत्यथर्वशीर्षम् की पूजन की आवश्यकता क्या है इसके विषय में विशेश रूप से वर्णन किया जा रहा है।

किसी भी यज्ञादि महोत्सवों, पूजा-अनुष्ठानों अथवा नवरात्र-पूजन शिवरात्रि में शिव-पूजन, पार्थिव-पूजन, रूद्राभिषेक, सत्यनारायण-पूजन, दिवाली-पूजन आदि कर्मो में प्रारम्भ में स्वस्तिवाचन, पुण्याहवाचन, गणेश-कलश-नवग्रह तथा रक्षा-विधान आदि कर्म सम्पन्न किये जाते हैं, इसके अनन्तर प्रधान रूप से श्री गणपत्यथर्वशीर्षम् की पूजा की जाती है।

4.2- उदेश्य

इस इकाई के अध्ययन के पश्चात् आप वेदशास्त्र में वर्णित श्री गणपत्यथर्वशीर्षम् का अध्ययन करेंगे।

1. श्रीसङ्कष्टनाशनगणेशस्तोत्र के विषय में आप परिचित होंगे-
2. ॐगं गणपतये नमः इस मन्त्र के विषय में आप परिचित होंगे
3. श्री गणपत्यथर्वशीर्षम् के विषय में आप परिचित होंगे
4. ओंकार के विषय में आप परिचित होंगे
5. गं के विषय में आप परिचित होंगे

4.3 गणपतिऽथर्वशीर्ष -

मानव आरम्भ से ही चिन्तन, मनन व अन्वेषण का अभ्यस्त रहा है, वह केवल स्थूल जगत की चमक-दमक से सन्तुष्ट नहीं हैं, सूक्ष्म जगत के अन्तस्तल तक के रहस्यों को प्रकाश में लाने के लिए कृतसंकल्प रहता आया है। अनन्तकाल से अनुसन्धान करते करते वह कई उपयोगी तथ्यों को प्राप्त कर चुका हैं, जो प्रत्यक्ष जगत में कार्यान्वित होने वाली घटनाओं के कारण रूप हैं। इन उपलब्धियों में मानव जीवन पर ग्रह-प्रभाव की अवगति सर्वाधिक महत्वपूर्ण हैं। दार्शनिकों ने यह सिद्ध कर दिया हैं। यथा पिण्डे तत् ब्रह्माण्डे अर्थात् ब्रह्माण्डस्थ ग्रहों की प्रतिकृतियां प्राणीमात्र के शरीर में भी विद्यमान हैं। दोनों के संचार-नियमन में एकरूपता होने के कारण मानव की विविध गतिविधियाँ भी ग्रहों के द्वारा नियन्त्रित होती हैं, किन्तु प्रश्न उठता हैं कि श्क्या ग्रह स्वेच्छानुसार

मनुष्य के भविष्य का विधान निर्धारित करते हैं ? नहीं, सम्पूर्ण, स्थूल एवं सूक्ष्म जगत के अधिष्ठाता परमपिता परमात्मा के निर्देशानुसार प्राणी के प्रारब्धों से होने वाली भाग्य की व्यूह रचना का प्रतिनिधित्व ही जन्मकालिक ग्रहस्थिति करती हैं। अतः ग्रहाः वै कर्मसूचकाः ग्रह तो केवल कर्माधीन भवितव्य की सूचना देते हैं। सभी देवताओं में गणपति सर्वप्रथम है, इनका पूजन सभी मांगलिक कार्यो में गणपति अथर्वशीर्ष का पाठ करना चाहिए।

अथर्वशीर्ष की परम्परा में गणपति अथर्वशीर्ष का विशेश महत्त्व है । प्रायः सभी मांगलिक कार्यों में गणपति पूजा के बाद प्रार्थना के रूप में इसके पाठ की परम्परा अत्यन्त आवश्यक है।यह अथर्वशीर्ष भगवान गणेश का वैदिक प्रार्थना है। गणेश जी का महामन्त्र है-ओं गं गणपतये नमः एवं गणेश गायत्री मन्त्र का भी इसके अन्तर्गत माहात्म्य सहित समावेश है। कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकारके विघ्न बाधा से परेशान हो तो इसका पाठ करने उसका विघ्न बाधा समाप्त हो जाता है तथा किसी प्रकार का विघ्न बाधा न होते हुए भी महापातकों से मुक्त हो जाता है। इस अथर्वशीर्ष का पाठ करने वाला व्यक्ति धर्म अर्थ काम मोक्ष इन चारो प्रकार के पुरुषार्थों का प्राप्त करता है।

आ नो भद्रं कर्णेभिःश्रृणुयाम देवाः भद्रं पश्येमाक्षभिर्यत्राः। स्थिरैरंगैस्तुष्टु सस्तनूभिव्यशेम देवहितं यदायुः।

स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः स्वस्ति नस्ताक्ष्र्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु।

ओं शान्तिः शान्तिः शान्तिः?

अर्थ- हे देवगण ! हम भगवान का पुजन आरधना करते हुए कानो से कल्याणमय वचन सुनें। नेत्रों से कल्याण ही देखें। सुदृण अंगो एवं शरीर से भगवान की स्तुति करते हुए हम लोग जो आयु आराध्य देव परमात्मा के काम आ सके उसका उपभोग करें। सब ओर फैले हुए सुयश वाले इन्द्र हमारे लिये कल्याण का पोषण करें। सम्पूर्ण विश्व का ज्ञान रखने वाले पूषा हमारे लिये कल्याण का पोयाण करें। अरिष्टों को मिटाने के लिये चक्रसदृश शक्तिशाली गरुडदेव हमारे लिये कल्याण का पोषण करें। तथा बुद्धि के स्वामी बृहस्पति भी हमारे लिये कल्याण की पुष्टि करें। परमात्मा हमारे लिये त्रिविध ताप की शान्ति हो।

स्तुति-प्रकरण

श्रीसङ्कष्टनाशनगणेशस्तोम्

प्रणम्य शिरसा देवं गौरीपुत्रं विनायकम्! भक्तवासं स्मरेन्नियमायुष्कामार्थसिद्धये!!1

प्रथमं वक्रतुण्डं च एकदन्तं द्वितीयकम्! तृतीयं कृष्णपिङ्गाक्षं गजवक्त्रं चतुर्थकम्!!2

लम्बोदरं पंचमं च षष्ठं विकटमेव च! सप्तमं विघ्नराजेन्द्रं धूम्रवर्णं तथाष्टमम्!!3

नवमं भालचन्द्रं च दशमं तु विनायकम्! एकादशं गणपतिं द्वादशं तु गजाननम्!!4

द्वादशैतानि नामानि त्रिसन्ध्यं यः पठेन्नरः! न च विघ्नभयं तस्य सर्वसिद्धिकरं परम्!!5

विद्यार्थी लभते विद्यां धनार्थी लभते धनम्! पुत्रार्थी लभते पुत्रान् मोक्षार्थी लभते गतिम्!!6

जपेद् गणपतिस्तोतं षड्भिर्मासैः फलं लभेत्! संवत्सरेण सिद्धिं च लभते नात्र संशयः!!7

अष्टभ्यो ब्राह्मणेभ्यश्च लिखित्वा यःसमर्पयेत्! तस्य विद्या भवेत् सर्वा गणेशस्य प्रसादतः!!8

!! श्रीनारदपुराणे सङ्कष्टनाशनं नाम गणेशस्तोत्रं सम्पूर्णम्!!

श्री गणपत्यथर्वशीर्षम्

ओम् भद्रं कर्णेभिरिति शान्तिः .... ।

हरिः ओम!!नमस्ते गणपतये! त्वमेव प्रत्यक्षं तत्त्वमसि! त्वमेव केवलं कर्तासि! त्वमेव केवलं धर्तासि! त्वमेव केवलं हर्तासि! त्वमेव सर्वं खल्विदं ब्रहमासि! त्वं साक्षादात्मासि नित्यम!।1।

अर्थ-गणपति को नमस्कार है, तुम्हीं प्रत्यक्ष तत्त्व हो, तुम्हीं केवल कर्ता हो, तुम्हीं केवल धारणकर्ता और तुम्हीं केवल समस्त विश्वरूप ब्रह्म हो और तुम्हीं साक्षत् नित्य आत्मा हो ।1।

ऋतं वच्मि! सत्यं वच्मि!।2।

अर्थ-यथार्थ कहता हूँ। सत्य कहता हूँ।2।

अव त्वं माम्। अव वत्कारम्! अव श्रीतारम्! अव दातारम्! अव धाताराम! अवानूचानमव शिष्यम्! अव पश्चात्तात्! अव पुरस्तात्! अव चोत्तरात्तात्! अव दक्षिणात्तात्! अव चोर्ध्वात्तात्! अवाधस्तात्! सर्वतो मां पाहि पाहि समन्तात्।3।

अर्थ-तुम मेरी रक्षा करो। वक्ता की रक्षा करो। श्रोता की रक्षाकरो। दाता की रक्षा करो।षडंग वेदविद आचार्य की रक्षा करो। शिष्य की रक्षा करो। पीछे से रक्षा करो। आगे से रक्षा करो। उत्तर भाग की रक्षा करो। दक्षिण भाग की रक्षा करो। उपर से रक्षा करो। नीचे की ओर से रक्षा करो। सर्वतो भाव से मेरी रक्षा करो। सब दिशाओं से मेरी रक्षा करो।3।

त्वं वाड़मयस्त्वं चिन्मयः! त्वमानन्द-मयस्त्वं ब्रह्मयः! त्वं सच्चिदानन्दद्वितीयोडसि! त्वं प्रत्यक्षं ब्रह्मासि! त्वं ज्ञानमयो विज्ञानमयोडसि।4।

अर्थ-तुम वाङ्मय हो, तुम चिन्मय हो। तुम आनन्दमय हो, तुम ब्रह्ममय हो। तुम सच्चिदानन्द अद्वितीय परमात्मा हो।तुम प्रत्यक्ष ब्रह्म हो तुम ज्ञानमय हो, तुम विज्ञानमय हो।4।

सर्व जगदिदं त्वत्तो जायते! सर्व जगदिदं त्वत्तस्तिष्ठिति! सर्व जगदिदं त्वयि लयमेष्यति! सर्व जगदिदं त्वयि प्रत्येति! त्वं भूमिरापोडनलोडनिलो नभः! त्वं चत्वारि वाक्पदानि।5।

अर्थ-यह सारा जगत् तुमसे उत्पन्न होता है। यह सारा जगत् सुरक्षित रहता है।यह सारा जगत् तुम में लीन रहता है। यह अखिल विश्व तुम में ही प्रतीत होता है। तुम्हीं भूमि, जल, अग्नि, वायु और आकाश हो। तुम्हीं परा,पश्यन्ति, मध्यमा और वैखरी चतुर्विध वाणी हो।5।

त्वं गुणत्रयातीतः! त्वं कालत्रयातीतः! त्वं देहत्रयातीतः! त्वं मूलाधार-स्थितोडसि नित्यम्! त्वं शक्तित्रयात्मकः! त्वां योगिनो ध्यायन्ति नित्यम! त्वं ब्रह्मा त्वं विष्णुस्त्वं रुद्रस्त्वमिन्द्रस्त्वमग्निस्त्वं वायुस्त्वं सूर्यस्त्वं चन्द्रमास्त्वं ब्रह्म भूर्भुवः सुवरोम्।6।

अर्थ-तुम सत्त्व-रज-तम इन तीनों गुणों से परे हो। तुम भूत-भविष्यत्-वर्तमान इन तीनों कालों से परे हो। तुम स्थूल ,सूक्ष्म और कारण-इन तीनों देहों से परे हो। तुम नित्य मूलाधारचक्र में स्थित हो। तुम प्रभु-शक्ति, उत्साह -शक्ति और मन्त्र-शक्ति इन तीनों शक्तियों से संयुक्त हो। योगिजन नित्य तुम्हारा ध्यान करते है। तुम ब्रह्मा हो, तुम विष्णु हो, तुम रुद्र हो, तुम इन्द्र हो, तुम अग्नि हो, तुम वायु, तुम सूर्य हो, तुम चन्द्रमा हो, तुम सगुण ब्रह्म हो, तुम निर्गुण त्रिपाद भूः भुवःस्वः एवं प्रणव हो 6।

गणादिं पुर्वमुच्चार्य वर्णादिं तदनन्तरम्! अनुस्वारः परतरः! अर्धेन्दुलसितम्!! तारेण रुद्धम्! एतत्तव मनुस्वरूपम्! गकारः पूर्वरूपम्! अकारो मध्यमरूपम्! अनुस्वारश्चान्त्यरूपम्! बिन्दुरुत्तररूपम्! नादः सन्धानाम्! संहिता सन्धिः! सैषा गणेशविधा! गणक ऋषिः निचृद्गायत्री छन्दः! श्रीमहागणपति-र्देवता! ओम गं गणपतये नमः।7।

अर्थ-गण शब्द के आदि अक्षर गकार का पहले उच्चारण करके अनन्तर आदि वर्ण अकार का उच्चारण करें। उसके बाद अनुस्वार रहे। इस प्रकार अर्ध चन्द्र से पहले शोभित जो गं है, वह ओंकार के द्वारा रुद्ध हो अर्थात् उसके पहले और पीछे भी ओंकार हो। यही तुम्हारे मन्त्र का स्वरूप है। गकार पूर्वरूप है। अकार मध्यम रूपा है। अनुस्वार अन्त्यरूप है। विन्दु उत्तर रूप है नाद संसाधन है। संहिता सन्धि है। ऐसी यह गणेश विद्या हैं इस विद्या के गणक ऋषि है। निचृद् गायत्री छन्द है। और गणपति देवता हैं। मन्त्र है-ओं गं गणपतये नमः।7।

एकदन्ताय विद्महे वक्रतुण्डाय धीमहि तन्नो दन्ती प्रचोदयात्।8।

अर्थ-एकदन्त को हम जानते है, वक्रतुण्ड का हम ध्यान करते हैं। दन्ति हमको उस ज्ञान और ध्यान में प्रेरित करें।8।

एकदन्तं चतुर्हस्तं पाशमड़क्श-धारिणम्! अभयं वरदं हस्तैर्ब्रिभ्राणं मूषकध्वजम्!! रक्तं लम्बोदरं शूर्पकर्णकं रक्तवाससम्! रक्तगन्धानुलिप्राडं रक्तपुष्पैः सुपूजितम्!! भक्तानुकम्पिनं देवं जगत्कारणमच्युतम्! आविर्भूतं च सृष्टचादौ प्रकृतेः पुरुषात्परम्!! एवं ध्यायति यो नित्यं स योगी योगिनां वरः।9।

अर्थ-गणपतिदेव एकदन्त और चतुर्बाहु हैं। वे अपने चार हाथों में पाश, अंकुश, दन्त, और वरमुद्रा धारण करते हैं। उनके ध्वज में मूषक का चिन्ह है। वे रक्तवर्ण, लम्बोदर, शूर्पकर्ण तथा रक्त वस्त्रधारी हैं। रक्त चन्दन के द्वारा उनके अंग अनुलिप्त हैं। वह रक्त पुष्पों द्वारा सुपूजित हैं। भक्तों की कामना पूर्ण करने वाले ज्योतिर्मय जगत के कारण अच्युत तथा प्रकृति और पुरुश सा परे विद्यमान वे पुरुषोत्तम सृष्टि के आदि में आविर्भूत हुए। इनका जोइस प्रकार नित्य ध्यान करता है वह योगी योगियों में श्रेष्ठ हैं।9।

नमो व्रातपतये नमो गणपतये नमः प्रमथपतये नमस्तेडस्तु लम्बोद-रायैकदन्ताय विघ्नविनाशिने शिवसुताय श्रीवरदमूर्तये नमो नमः।10।

अर्थ-व्रातपति को नमस्कार ,गणपति को नमस्कार , लम्बोदर , एकदन्त, विघ्न नाशक, शिवतनय श्रीवरदमूर्ति को नमस्कार है।10।

एतदथर्वशिरो योडधीते सब्रह्मभूयाय कल्पते! स सर्वघ्नैर्न बाध्यते! स सर्वतः सुखमेधते! स पंचमहापातकोपपातकात् प्रमुच्यते! सायमधीयानो दिवसकृतं पापं नाशयति! प्रातरधीयानो रात्रिकृतं पापं नाशयति! सायं प्रातः प्रयुंजानोडपपपो भवति! धर्मार्थकाममोक्षं च विन्दति! इदमथर्वशीर्षमशिष्याय न देयम्! यो यदि मोहाद्यास्यति स पापीयान् भवति! सहस्त्रावर्तनाद्यं यं काममधीते तं तमनेन साधयेत्।11।

अर्थ-इस अथर्वशीर्ष का जो पाठ करता है, वह ब्रह्मीभूत होता है।, वह किसी प्रकार के विघ्नों से बाधित नहीं होता, वह सर्वतोभावेन सुखी होता है,वह पंच महापापों से मुक्त हो जाता है। सायंकाल इसका पाठ करने वाला दिनमें किये हुए पापोंका नाश करता है, प्रातःकाल पाठ करनेवाला रात्रिमें किये हुए पापों का नाश करता है। सायं और प्रातःकाल पाठ करनेवाला निष्पाप हो जाता है।(सदा)सर्वत्र पाठ करने वाला सभी विघ्नों से मुक्त हो जाता है एवं धर्म,अर्थ, काम तथा मोक्ष-इन चारों पुरूषार्थों को प्राप्त करता है। यह अथर्वशीर्ष उसको नहीं देना चाहिये,जो शिष्य न हो। जो

मोहवश अशिष्यको उपदेश देगा, वह महापापी होगा। इसकी एक हजार आवृत्ति करनेसे उपासक जो कामना करेगा, इसके द्वारा उसे सिद्ध कर लेगा।11।

अनेन गणपतिमभिषिंचति स वाग्मी भवति! चतुर्थ्यामनश्नंपति स विद्यवान् भवति! इत्यथर्वणवाक्यम्! ब्रह्माद्याचरणं विद्यात्! न बिभेति कदाचनेति।12।

अर्थ-जो इस मन्त्रके द्वारा श्रीगणपतिका अभिषेक करता है, वह वाग्मी हो जाता है। जो चतुर्थी तिथिमें उपवासकर जप करता है, वह विद्यावान्(अध्यात्मविद्याविशिष्ट)हो जाता है। यह अथर्वण-वाक्य है।जो ब्रह्मादि आवरणको जानता है, वह कभी भयभीत नहीं होता।12।

यो दूर्वाड्कुरैर्यजति स वैश्रवणोपमो भवति यो लाजैर्यजति स यशोवान् भवति! स मेधावान् भवति! यो मोदकसहस्त्रेण यजति स वांछितफलमवाप्नोति! यः साज्यसमिभ्दिर्यजति स सर्वं लभते स सर्वं लभते।13।

अर्थ-जो दूर्वांकुरों द्वारा यजन करता है, वह कुबेर के समान हो जाता है। जो राजाके द्वारा यजन करता है,वह यशस्वी होता है,वह मेधावान् होता है। जो सहस्त्र मोदकों के द्वारा यजन करता है,वह मनोवांछित फल प्राप्त करता है। जो घृताक्त समिधा के द्वारा हवन करता है,वह सब कुछ प्राप्त करता है।13।

अष्टौ ब्राह्मणान् सम्यग्ग्राहयित्वा सूर्यवर्चस्वी भवति! सूर्यग्रहे महानद्यां प्रतिमासंनिधौ वा जप्त्वा सिद्धमन्त्रो भवति! महाविघ्नात् प्रमुच्यते! महापापात् प्रमुच्यते! महादोषात् प्रमुच्यते! स सर्वविभ्दवति! स सर्वविभ्दवति! य एवं वेद!! ओम् भद्ररू्कर्णेभिरिति शान्तिः।14।

अर्थ-जो आठ ब्राह्मणों को इस उपनिषद् का सम्यक् ग्रहण करा देता है,वह सूर्यके समान तेजःसम्पन्न होता है। सूर्यग्रहण के समय महा नदी में अथवा प्रतिमाके निकट इस उपनिषद्का जप करके साधक सिद्धमन्त्र हो जाता है। सम्पूर्ण महाविघ्नोंसे मुक्त हो जाता है।महापापोंसे मुक्त हो जाता है। महादोषोंसे मुक्त हो जाता है। वह सर्वविद् हो जाता है-जो इस प्रकार जानता है।इस प्रकार यह ब्रह्मविद्या है।14।

इति एवं धर्म,अर्थ, काम तथा मोक्ष-इन चारों पुरूषार्थों को प्राप्त करताहै।

इति श्री गणपत्यथर्वशीर्षम् ।।

शिव अथर्वशीर्षम्

ऊँ देवा ह वै स्वर्गं लोकमायँस्ते रुद्रमपृच्छन्को भवानिति। सोऽब्रवीदहमेकः प्रथममासवर्तामि च भविष्यामि च नान्यः कश्चिन्मत्तो व्यतिरिक्त इति। सोऽन्तरादन्तरं प्राविशत्दिशश्चान्तरं प्राविशत्सोऽहं दक्षिणाञ्च उदञ्चोहं अधश्चोर्ध्वं चाहं दिशश्च प्रतिदिशश्चाहं पुमानपुमान्स्त्रियश्चाहं गायत्र्हं सावित्र्यहं त्रिष्टुब्जगत्यनुष्टुप्चाहं छन्दोऽहं गार्हपत्यो दक्षिणाग्निराहवनीयोऽहं सत्योऽहं गौरहं गौर्यहमृगहं यजुरहं सामाहमथर्वाङ्गिरसोऽहं ज्येष्ठोऽहं श्रेष्ठोऽहं वरिष्ठोऽहमापोऽहं तेजोऽहं गुह्योऽहमरण्योऽहमक्षरमहं क्षरमहं पुष्करमहं पवित्रमहमुग्रं च मध्यं च बहिश्च पुरस्ताज्ज्योतिरित्यहमेव सर्वेभ्यो मामेव स सर्वः स मां यो मां वेद स सर्वान्देवान्वेद सर्वांश्च वेदान्साङ्गानपि ब्रह्म ब्राह्मणैश्च गां गोभिर्ब्राह्मणान्ब्राह्मणेन हविर्हविषा आयुरायुषा सत्येन सत्यं धर्मेण धर्मं तर्पयामि स्वेन तेजसाद्ध ततो ह वै ते देवा रुद्रमपृच्छन्ते देवा रुद्रमपश्यन्। ते देवा रुद्रमध्यायन्ततो देवा ऊर्ध्वबाहवो रुद्रं स्तुवन्ति॥१॥

ऊँ यो वै रुद्रः स भगवान्यश्च ब्रह्मा तस्मै वै नमो नमः॥१॥ यो वै रुद्रः स भगवान्यश्च विष्णुस्तस्मै वै नमो नमः॥२॥ यो वै रुद्रः स भगवान्यश्च स्कन्दस्तस्मै वै नमो नमः॥३॥ यो वै रुद्रः स भगवान्यश्च यश्चेन्द्रस्तस्मै वै नमो नमः॥४॥ यो वै रुद्रः स भगवान्यश्चाग्निस्तस्मै वै नमो नमः॥५॥ यो वै रुद्रः स भगवान्यश्च वायुस्तस्मै वै नमो नमः॥६॥ यो वै रुद्रः स भगवान्यश्च सूर्यस्तस्मै वै नमो नमः॥७॥ यो वै रुद्रः स भगवान्यश्च सोमस्तस्मै वै नमो नमः॥८॥ यो वै रुद्रः स भगवान्ये चाष्टौ ग्रहास्तस्मै वै नमो नमः॥९॥ यो वै रुद्रः स भगवान्ये चाष्टौ प्रतिग्रहास्तस्मै वै नमो नमः॥१०॥ यो वै रुद्रः स भगवान्यच्च भूस्तस्मै वै नमो नमः॥११॥ यो वै रुद्रः स भगवान्यच्च भुवस्तस्मै वै नमो नमः॥१२॥ यो वै रुद्रः स भगवान्यच्च स्वस्तस्मै वै नमो नमः॥१३॥ यो वै रुद्रः स भगवान्यच्च महस्तस्मै वै नमो नमः॥१४॥ यो वै रुद्रः स भगवान्या च पृथिवी तस्मै वै नमो नमः॥१५॥ यो वै रुद्रः स भगवान्यच्चान्तरिक्षं तस्मै वै नमो नमः॥१६॥ यो वै रुद्रः स भगवान्या च द्यौस्तस्मै वै नमो नमः॥१७॥ यो वै रुद्रः स भगवान्याश्चापस्तस्मै वै नमो नमः॥१८॥ यो वै रुद्रः स भगवान्यच्च तेजस्तस्मै वै नमो नमः॥१९॥ यो वै रुद्रः स भगवान्यश्च कालस्तस्मै वै नमो नमः॥२०॥ यो वै रुद्रः स भगवान्यश्च यमस्तस्मै वै नमो नमः॥२१॥ यो वै रुद्रः स भगवान्यश्च मृत्युस्तस्मै वै नमो नमः॥२२॥ यो वै रुद्रः स भगवान्यच्चामृतं तस्मै वै नमो नमः॥२३॥ यो वै रुद्रः स भगवान्यच्चाकाशं तस्मै वै नमो नमः॥२४॥ यो वै रुद्रः स भगवान्यच्च विश्वं तस्मै वै नमो नमः॥२५॥ यो वै रुद्रः स भगवान्यच्च स्थूलं तस्मै वै नमो नमः॥२६॥ यो वै रुद्रः स भगवान्यच्च सूक्ष्मं तस्मै वै नमो नमः॥२७॥ यो वै रुद्रः स भगवान्यच्च शुक्लं तस्मै वै नमो नमः॥२८॥ यो वै रुद्रः स भगवान्यच्च कृष्णं तस्मै वै नमो नमः॥२९॥ यो वै रुद्रः स भगवान्यच्च कृत्स्नं तस्मै वै नमो नमः॥३०॥ यो वै रुद्रः स भगवान्यच्च सत्यं तस्मै वै नमो नमः॥३१॥ यो वै रुद्रः स भगवान्यच्च सर्वं तस्मै वै नमो नमः॥३२॥ ॥२॥

भूस्ते आदिर्मध्यं भुवस्ते स्वस्ते शीर्षं विश्वःपोऽसि ब्रह्मैकस्त्वं द्विधा त्रिधा वृद्धिस्त्वं शान्तिस्त्वं पुष्टिस्त्वं हुतमहुतं दत्तमदत्तं सर्वमसर्वं विश्वमविश्वं कृतमकृतं परमपरं परायणं च त्वम्। अपाम सोमममृता अभूमागन्म ज्योतिरविदाम देवान्। किं नूनमस्मान्कृणवदरातिः किमु धूर्तिरमृतं मात्र्यस्य। सोमसूर्यपुरस्तात्सूक्ष्मः पुरुषः। सर्वं जगद्धितं वा एतदक्षरं प्राजापत्यं सौम्यं सूक्ष्मं पुरुषं ग्राह्यमग्राह्येण भावं भावेन सौम्यं सौम्येन सूक्ष्मं सूक्ष्मेण वायव्यं वायव्येन ग्रसति तस्मै महाग्रासाय वै नमो नमः। हृदिस्था देवताः सर्वा हृदि प्राणाः प्रतिष्ठिताः। हृदि त्वमसि यो नित्यं तिस्रो मात्राः परस्तु सः। तस्योत्तरतः शिरो दक्षिणतः पादौ य उत्तरतः स ओङ्कारः य ओङ्कारः स प्रणवः स सर्वव्यापी यः सर्वव्यापी सोऽनन्तः योऽनन्तस्तत्तारं यत्तारं तच्छुक्लं यच्छुक्लं तत्सूक्ष्मं यत्सूक्ष्मं तद्वैद्युतं यद्वैद्युतं तत्परं ब्रह्म यत्परं ब्रह्म स एकः य एकः स रुद्रः यो रुद्रः स ईशानः य ईशानः स भगवान्महेश्वरः।।३।।

अथ कस्मादुच्यत ओङ्कारो यस्मादुच्चार्यमाण एव प्राणानूर्ध्वमुत्क्रामयति तस्मादुच्यते ओङ्कारः। अथ कस्मादुच्यते प्रणवः यस्मादुच्चार्यमाण एव ऋग्यजुः सामाथर्वाङ्गिरसं ब्रह्म ब्राह्मणेभ्यः प्रणामयति नामयति च तस्मादुच्यते प्रणवः। अथ कस्मादुच्यते सर्वव्यापी यस्मादुच्चार्यमाण एव सर्वान्लोकान्व्याप्नोति स्नेहो यथा पललपिण्ड़मिव शान्तःपमोतप्रोतमनुप्राप्तो व्यतिषक्तश्च तस्मादुच्यते सर्वव्यापी। अथ कस्मादुच्यतेऽनन्तो यस्मादुच्चार्यमाण एव तिर्यगूर्ध्वमधस्ताच्चास्यान्तो नोपलभ्यते तस्मादुच्यतेऽनन्तः। अथ कस्मादुच्यते तारं यस्मादुच्चार्यमाण एव गर्भजन्मव्याधिजरामरणसंसारमहाभयात्तारयति त्रायते च तस्मादुच्यते तारम्। अथ कस्मादुच्यते शुक्लं यस्मादुच्चार्यमाण एव क्लन्दते क्लामयति च तस्मादुच्यते शुक्लम्। अथ कस्मादुच्यते सूक्ष्मं यस्मादुच्चार्यमाण एव सूक्ष्मो भूत्वा शरीराण्यधितिष्ठति सर्वाणि चाङ्गान्यभिमृशति तस्मादुच्यते सूक्ष्मम्। अथ कस्मादुच्यते वैद्युतं यस्मादुच्चार्यमाण एव व्यक्ते महति तमसि द्योतयति तस्मादुच्यते वैद्युतम्। अथ कस्मादुच्यते परं ब्रह्म यस्मात्परमपरं परायणं च बृहद्बृहत्या बृहंयति तस्मादुच्यते परं ब्रह्म। अथ कस्मादुच्यते एकः यः सर्वान्प्राणान्सम्भक्ष्य सम्भक्षणेनाजः संसृजति विसृजति तीर्थमेके व्रजन्ति तीर्थमेके दक्षिणाः प्रत्यञ्च उदञ्च प्राञ्चोऽभिव्रजन्त्येके तेषां सर्वेषामिह सङ्गति। साकं स एको भूतश्चरति प्रजानां तस्मादुच्यत एकः। अथ कस्मादुच्यते रुद्रः यस्मादृषिभिर्नान्यैर्भक्तैर्द्रुतमस्य:पमुपलभ्यते तस्मादुच्यते रुद्रः। अथ कस्मादुच्यते ईशानः यः सर्वान्देवानीशते ईशानीभिर्जननीभिश्च शक्तिभिः। अभित्वा शूर नोनुमो दुग्धा इव धेनवः। ईशानमस्य जगतः स्वर्दृशमीशानमिन्द्र तस्थुश इति तस्मादुच्यते ईशानः। अथ कस्मादुच्यते भवागन्महेश्वरः यस्माद्भक्ताञ्ज्ञानेन भजत्यनुगृöति च वाचं संसृजति विसृजति च सर्वान्भावान्परित्यज्यात्मज्ञानेन योगैश्वर्येण महति महीयते तस्मादुच्यते भगवान्महेश्वरः। तदेतद्रुद्रचरितम्।।४।।

एषो ह देवः प्रदिशो नु सर्वाः पूर्वो ह जातः स उ गर्भे अन्तः। स एव जातः स जनिष्यमाणः प्रत्यङ्जनास्तिष्ठति सर्वतोमुखः। एको रुद्रो न द्वितीयाय तस्मै य इमाँल्लोकानीशत ईशनीभिः। प्रत्यङ्जनास्तिष्ठति सञ्चुकोचान्तकाले संसृज्य विश्वा भुवनानि गोप्ता। यो योनिं योनिमधितिष्ठत्येको येनेदं सर्वं विचरति सर्वम्। तमीशानं वरदं देवमीड्यं निचाय्येमां शान्तिमत्यन्तमेति। क्षमां हित्वा हेतुजालस्य मूलं बुद्ध्या सञ्चितं स्थापयित्वा तु रुद्रे रुद्रमेकत्वमाहुः। शाश्वतं वै पुराणमिषमूर्जेण पशवोऽनुनामयन्तं मृत्युपाशान्। तदेतेनात्मन्नेतेनार्धचतुर्थेन मात्रेण शान्तिं संसृजति पशुपाशविमोक्षणम्। या सा प्रथमा ब्रह्मदेवत्या रक्ता वर्णेन यस्तां ध्यायते नित्यं स गच्छेद्ब्रह्मपदम्। या सा द्वितीया मात्रा विष्णुदेवत्या कृष्णा वर्णेन यस्तां ध्यायते नित्यं स गच्छेद्वैष्णवं पदम्। या सा तृतीया मात्रा ईशानदेवत्या कपिला वर्णेन यस्तां ध्यायते नित्यं स गच्छेदैशानं पदम्। या सार्धचतुर्थी मात्रा सर्वदेवतयाऽव्यक्तीभूता खं विचरति शुद्धस्फटिकसन्निभा वर्णेन यस्तां ध्यायते नित्यं स गच्छेत्पदमनामयम्। तदेतदुपासीत मुनयो वाग्वदन्ति न तस्य ग्रहणमयं पन्था विहित उत्तरेण येन देवा यान्ति येन पितरो येन ऋषयः परमपरं परायणं चेति। वालाग्रमात्रं हृदयस्य मध्ये विश्वं देवं जातःपं वरेण्यम्। तमात्मस्थं ये नु पश्यन्ति धीरास्तेषां शान्तिर्भवति नेतरेषाम्। यस्मिन्क्रोधं यां च तृष्णां क्षमां चाक्षमां हित्वा हेतुजालस्य मूलं बुद्ध्या सञ्चितं स्थापयित्वा तु रुद्रे रुद्रमेकत्वमाहुः। रुद्रो हि शाश्वतेन वै पुराणेनेषमूर्जेण तपसा नियन्ता। अग्निरिति भस्म वायुरिति भस्म जलमिति भस्म स्थलमिति भस्म व्योमेति भस्म सर्व ँ ह वा इदं भस्म मन एतानि चक्षूंषि यस्माद्व्रतमिदं पाशुपतं यद्भस्म नाङ्गानि संस्पृशेत्तस्माद्ब्रह्म तदेतत्पाशुपतं पशुपाशविमोक्षणाय॥५॥

योऽग्नौ रुद्रो योऽप्स्वन्तर्य ओषधीर्वीरुध आविवेश। य इमा विश्वा भुवनानि चक्लृपे तस्मै रुद्राय नमोऽस्त्वग्नये। यो रुद्रोऽग्नौ यो रुद्रोऽप्स्वन्तर्या रुद्र ओषधीर्वीरुध आविवेश। यो रुद्र इमा विश्वा भुवनानि चक्लृपे तस्मै रुद्राय वै नमो नमः। यो रुद्रोऽप्सु यो रुद्र ओषधीषु यो रुद्रो वस्पतिषु येन रुद्रेण जगदूर्ध्वं धारितं पृथिवी द्विधा त्रिधा धर्ता धारिता नागा येऽन्तरिक्षे तस्मै रुद्राय वै नमो नमः।

मूर्धानमस्य संसेव्याप्यथर्वा हृदयं च यत्। मस्तिष्कादूर्ध्वं प्रेरयत्यवमानोऽधिशीर्षतः। तद्वा अथर्वणः शिरो देवकोशः समुज्झितः। तत्प्राणोऽभिरक्षति शिरोऽन्तमथो मनः। न च दिवो देवजनेन गुप्ता न चान्तरिक्षाणि न च भूम इमाः। यस्मिन्निदं सर्वमोतप्रोतं तस्मादन्यन्न परं किञ्चनास्ति। न तस्मात्पूर्वं न परं तदस्ति न भूतं नोत भव्यं यदासीत्। सहस्रपादेकमूर्ध्ना व्याप्तं स एवेदमावरीवर्ति भूतम्। अक्षरात्सञ्जायते कालः कालाद्व्यापक उच्यते। व्यापको हि भगवान्रुद्रो भोगायमानो यदा शेते रुद्रस्तदा संहार्यते प्रजाः। उच्छवसिते तमो भवति तमस आपोऽप्स्वङ्गुल्या मथिते मथितं शिशिरे

शिशिरं मथ्यमानं फेनं भवति फेनादण्डं भवत्यण्डाद्ब्रह्मा भवति ब्रह्मणो वायुः वायोरोङ्कार ऊँकारात्सावित्री सावित्र्या गायत्री गायत्र्या लोका भवन्ति। अर्चयन्ति तपः सत्यं मधु क्षरन्ति यद्ध्रुवम्। एतद्धि परमं तपः आपो ज्योती रसोऽमृतं ब्रह्म भूर्भुवः स्वरों नम इति।।६।।

य इदमथर्वशिरो ब्राह्मणोऽधीते अश्रोत्रियः श्रोत्रियो भवति अनुपनीत उपनीतो भवति सोऽग्निपूतो भवति स वायुपूतो भवति स सूर्यपूतो भवति स सोमपूतो भवति स सत्यपूतो भवति स सर्वपूतो भवति स सर्वैर्देवैर्ज्ञातो भवति स सर्वैर्वेदैरनुध्यातो भवति स सर्वेषु तीर्थेषु स्नातो भवति तेन सर्वैः क्रतुभिरिष्टं भवति गायत्र्याः षष्टिसहस्राणि जप्तानि भवन्ति इतिहासपुराणानां रुद्राणां शतसहस्राणि जप्तानि भवन्ति। प्रणवानामयुतं जप्तं भवति। स चक्षुषः पङ्क्तिं पुनाति। आ सप्तमात्पुरुषयुगान्पुनातीत्याह भगवानथर्वशिरः सकृज्जप्त्वैव शुचिः स पूतः कर्मण्यो भवति। द्वितीयं जप्त्वा गणाधिपत्यमवाप्नोति। तृतीयं जप्त्वैवमेवानुप्रविशत्यों सत्यमों सत्यमों सत्यम्।।७।। ।। इति ।।

तत्पश्चात्रुद्र सूक्त के षोड़श मन्त्रों से भी अभिषेक अथवा पूजन किया जा सकता है।

। हरिः ऊँ । भूर्भुव स्व्र। नमस्ते रूद्र मन्न्यवऽउतोतऽइषवे नम्। बाहुब्भ्यामुतते नम्। १। या ते रुद्र शिवा तनूरघोरापापकाशिनी । तया नस्तन्न्वा शन्तमया गिरिशन्ताभिचाकशीहि। २। यामिषुङ्ग्रि िशन्त हस्ते बिभर्ष्यस्तवे। शिवाङ्ग्रित्र ताङ्क्रुमा हि सी पुरुषञ्जगत्। ३। शिवेन व्वचसा त्त्वा गिरिशाच्छा व्वदामसि। यथा न सर्व्व मिज्जगदयक्ष्म सुमनाऽअसत्। ४। अदृध्यवोचदधिवक्क्ता प्प्रथमो दैव्व्यो भिषक्। अहींश्च सर्व्वाञ्जम्भयन्त्सर्व्वाश्च्च यातुधान्न्योधराची परासुव।५। असौ यस्ताम्म्रोऽअरुणऽउत बब्भ्रु सुमङ्ग्ल। ये चौन रुद्राऽअ भितो दिक्क्षुश्रिता सहस्रशोवैषाœ हेडऽईमहे।६। असौ योवसर्प्पति नीलग्ग्रीवो व्विलोहित। उतैनङ्ग्पाऽअदृ श्रन्नदृश्रन्नुदहार्य्य स दृष्ट्ट मृडयाति न। ७। नमोस्त्तु नीलग्ग्रीवाय सहस्राक्क्षाय मीढुषे। अथो येऽअस्य सत्त्वानो हन्तेब्भ्यो करन्नम्। ८। प्रमुञ्च धन्न्वनस्त्वमुभयोरात्क्न्योज्ज्याम्। याश्च्चते हस्त्तऽइषव परा ता भगवो व्वप। ९। व्विज्ज्यन्धनु कपर्द्दिनो व्विशल्ल्यो बाणवा२ ँ।ऽउत। अनेश न्नस्य याऽइषवऽआभुरस्य निषङ्ग्धि। १०। या ते हेतिर्म्मीढुष्ट्टम हस्त्ते बभूव ते धनु। तयास्म्मा न्विश्श्वत स्त्वमयक्ष्मया परिभुज। ११। परि ते धन्न्वनो हेतिरस्म्मान्न्वृणक्त्तु व्विश्श्वत। अथो यऽइषुधिस्त्तवारेऽ अस्म्मन्निधेहि तम्। १२। अवतत्त्य धनुष्ट्ट्व सहस्राक्क्ष शतेषुधे। निशीर्य्य शल्ल्या नाम्मुखा शिवो न्न सुमना भव। १३। नमस्त्तऽ आयुधायानातताय धृष्ण्णवे। उभाब्भ्यामुत ते नमो बाहुब्भ्यान्तव धन्न्वने। १४। मा नो महान्तमुतमानोऽ अर्ब्भकम्मा नऽउक्क्षन्तमुत मा नऽउक्क्षितम्। मा नो व्वधी पितरम्मोत मातरम्मा न्न

प्रियास्त्तन्वो रुद्र रीरिष। १५। मा नस्तोके तनये मा नऽआयुषि मा नो गोषु मानोऽअश्वे षुरीरिष। मा नो व्वीरान्त्रुदर्द्र भामिनो व्वधीर्हविष्मन्त सदमित्त्वा हवामहे। १६।

4.4-सारांश

अथर्वशीर्ष की परम्परा में गणपति अथर्वशीर्ष का विशेश महत्त्व है । प्रायः सभी मांगलिक कार्यों में गणपति पूजा के बाद प्रार्थना के रूप में इसके पाठ की परम्परा अत्यन्त आवश्यक है।यह अथर्वशीर्ष भगवान गणेश का वैदिक प्रार्थना है। इस अथर्वशीर्ष का पाठ करने वाला व्यक्ति धर्म अर्थ काम मोक्ष इन चारो प्रकार के पुरुषार्थों का प्राप्त करता है।

4.5 शब्दावली

शब्द	**अर्थ**
नमस्ते गणपतये	गणपति को नमस्कार है,
त्वमेव प्रत्यक्षं तत्त्वमसि	गणपति को नमस्कार है,
त्वमेव केवलं कर्तासि!	तुम्हीं केवल कर्ता हो,
त्वमेव केवलं धर्तासि	तुम्हीं केवल धारणकर्ता हो
त्वमेव केवलं हर्तासि	तुम्हीं केवल हरणकर्ता हो
त्वमेव सर्वं खल्विदं ब्रहमासि	तुम्हीं केवल समस्त विश्वरूप ब्रह्म हो
त्वं साक्षादात्मासि नित्यम	तुम्हीं साक्षत् नित्य आत्मा हो
ऋतं वच्मि	यथार्थ कहता हूँ
सत्यं वच्मि	सत्य कहता हूँ
त्वं वाड़मयः	तुम वाङ्मय हो,
त्वं चिन्मयः	तुम चिन्मय हो।
त्वमानन्दमयः	तुम आनन्दमय हो
त्वं ब्रह्ममयः	तुम ब्रह्ममय हो
त्वं सच्चिदानन्दद्वितीयोऽसि	तुम सच्चिदानन्द अद्वितीय परमात्मा हो
त्वं प्रत्यक्षं ब्रह्मासि	तुम प्रत्यक्ष ब्रह्म हो
त्वं ज्ञानमयः	तुम ज्ञानमय हो

विज्ञानमयोऽसि तुम विज्ञानमय हो

4.6 -अभ्यासार्थ प्रश्न -उत्तर

1-प्रश्न-श्रीसङ्कष्टनाशनगणेशस्तो में कितने मन्त्र है?

उत्तर- श्रीसङ्कष्टनाशनगणेशस्तो में आठ मन्त्र है

2-प्रश्न-श्रीगणपत्यथर्वशीर्ष कितने मन्त्र है?

उत्तर- श्रीगणपत्यथर्वशीर्ष चौदह मन्त्र है

3-प्रश्न- गणपतिदेव क्या है?

उत्तर- गणपतिदेव एकदन्त और चतुर्बाहु हैं।

4-प्रश्न- श्रीगणपत्यथर्वशीर्षका पाठ करने से क्या होता है?

उत्तर- श्रीगणपत्यथर्वशीर्षका पाठ करने से धर्म,अर्थ, काम तथा मोक्ष-इन चारों पुरूषार्थों की प्राप्ती हाती है।

5-प्रश्न- श्रीगणपत्यथर्वशीर्षका जो चतुर्थी तिथिमें उपवासकर जप करता है, वह क्या होजाता है

उत्तर-विद्यावान्(अध्यात्मविद्याविशिष्ट)हो जाता है।

6.प्रश्न- जो आठ ब्राह्मणों को इस उपनिषद् का सम्यक् ग्रहण करा देता है,वह किसके समान हो जाता है?

उत्तर-जो आठ ब्राह्मणों को इस उपनिषद् का सम्यक् ग्रहण करा देता है, वह सूर्यके समान तेजःसम्पन्न हो जाता है।सूर्यग्रहण के समय महा नदी में अथवा प्रतिमाके निकट इस उपनिषद्का जप करके साधक सिद्धमन्त्र हो जाता है। सम्पूर्ण महाविघ्नोंसे मुक्त हो जाता है।महापापोंसे मुक्त हो जाता है। महादोषोंसे मुक्त हो जाता है। वह सर्वविद् हो जाता है इस प्रकार यह ब्रह्मविद्या है। इति एवं धर्म,अर्थ, काम तथा मोक्ष-इन चारों पुरूषार्थों को प्राप्त करताहै।

7.प्रश्न- पुरुषार्थ कितने प्रकार का होता है?

उत्तर- धर्म,अर्थ, काम तथा मोक्ष ये चार प्रकार का पुरुषार्थ होता है

4.7-सन्दर्भ-ग्रन्थ सूची

1-पुस्तक का नाम-दुर्गाचन पूजापद्धति

लेखक का नाम- शिवदत्त मिश्र

प्रकाषक का नाम- चौखम्भा सुरभारती प्रकाषन वाराणसी

2-पुस्तक का नाम-सर्वदेव पूजापद्धति

लेखक का नाम- शिवदत्त मिश्र
प्रकाषक का नाम- चौखम्भा सुरभारती प्रकाषन वाराणसी
3. धर्मशास्त्र का इतिहास
लेखक - डॉ. पाण्डुरङ्ग वामन काणे
प्रकाशक:- उत्तरप्रदेश हिन्दी संस्थान।
4 नित्यकर्म पूजा प्रकाश,
लेखक:- पं. बिहारी लाल मिश्र,
प्रकाशक:- गीताप्रेस, गोरखपुर।
5 अमृतवर्षा, नित्यकर्म, प्रभुसेवा
संकलन ग्रन्थ
प्रकाशक:- मल्होत्रा प्रकाशन, दिल्ली।
6 कर्मठगुरुः
लेखक - मुकुन्द वल्लभ ज्योतिषाचार्य
प्रकाशक - मोतीलाल बनारसीदास, वाराणसी।
7 हवनात्मक दुर्गासप्तशती
सम्पादक - डॉ. रवि शर्मा
प्रकाशक - राष्ट्रीय संस्कृत साहित्य केन्द्र, जयपुर।
8 शुक्लयजुर्वेदीय रुद्राष्टध्यायी
सम्पादक - डॉ. रवि शर्मा
प्रकाशक - अखिल भारतीय प्राच्य ज्योतिश शोध संस्थान, जयपुर।
9 विवाह संस्कार
सम्पादक - डॉ. रवि शर्मा
प्रकाशक - हंसा प्रकाशन, जयपुर

4.8-उपयोगी पुस्तकें

1-पुस्तक का नाम-दुर्गाचनपद्धति
लेखक का नाम- शिवदत्त मिश्र
प्रकाशक का नाम- चौखम्भा सुरभारती प्रकाशन वाराणसी

4.9 निबन्धात्मक प्रश्न

1-प्रश्न- स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः स्वस्ति नस्ताक्ष्र्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु। ओं शान्तिः शान्तिः शान्तिः? इस मन्त्र का अर्थ लिखे-

उत्तर- हे देवगण ! हम भगवान का पुजन आरधना करते हुए कानो से कल्याणमय वचन सुनें। नेत्रों से कल्याण ही देखें। सुदृण अंगो एवं शरीर से भगवान की स्तुति करते हुए हम लोग जो आयु आराध्य देव परमात्मा के काम आ सके उसका उपभोग करें। सब ओर फैले हुए सुयश वाले इन्द्र हमारे लिये कल्याण का पोषण करें। सम्पूर्ण विश्व का ज्ञान रखने वाले पूषा हमारे लिये कल्याण का पोयाण करें। अरिष्टों को मिटाने के लिये चक्रसदृश शक्तिशाली गरुडदेव हमारे लिये कल्याण का पोषण करें। तथा बुद्धि के स्वामी बृहस्पति भी हमारे लिये कल्याण की पुष्टि करें। परमात्मा हमारे लिये त्रिविध ताप की शान्ति हो।

2-प्रश्न- श्री सङ्कष्टनाशन गणेश स्तोत्र में कितने मन्त्र है उसका वर्णन करे

उत्तर-प्रणम्य शिरसा देवं गौरीपुत्रं विनायकम्! भक्तवासं स्मरेन्नियमायुष्कामार्थसिद्धये!!1

प्रथमं वक्रतुण्डं च एकदन्तं द्वितीयकम्! तृतीयं कृष्णपिङ्गाक्षं गजवक्त्रं चतुर्थकम्!!2

लम्बोदरं पंचमं च षष्ठं विकटमेव च! सप्तमं विघ्नराजेन्द्रं धूम्रवर्णं तथाष्टमम्!!3

नवमं भालचन्द्रं च दशमं तु विनायकम्! एकादशं गणपतिं द्वादशं तु गजाननम्!!4

द्वादशैतानि नामानि त्रिसन्ध्यं यः पठेन्नरः! न च विघ्नभयं तस्य सर्वसिद्धिकरं परम्!!5

विद्यार्थी लभते विद्यां धनार्थी लभते धनम्! पुत्रार्थी लभते पुत्रान् मोक्षार्थी लभते गतिम्!!6

जपेद् गणपतिस्तोतं षड्भिर्मासैः फलं लभेत्! संवत्सरेण सिद्धिं च लभते नात्र संशयः!!7

अष्टभ्यो ब्राह्मणेभ्यश्च लिखित्वा यःसमर्पयेत्! तस्य विद्या भवेत् सर्वा गणेशस्य प्रसादतः!!8

प्रश्न-एतदथर्वशिरो योऽधीते सब्रह्मभूयाय कल्पते! स सर्वघ्नैर्न बाध्यते! स सर्वतः सुखमेधते! स पंचमहापातकोपपातकात् प्रमुच्यते! सायमधीयानो दिवसकृतं पापं नाशयति! प्रातरधीयानो रात्रिकृतं पापं नाशयति! सायं प्रातः प्रयुंजानोडपपपो भवति! धर्मार्थकाममोक्षं च विन्दति! इदमथर्वशीर्षमशिष्याय न देयम्! यो यदि मोहाद्यास्यति स पापीयान् भवति! सहस्त्रावर्तनाद्यं यं काममधीते तं तमनेन साधयेत्। इस मन्त्र का अर्थ लिखिये-

उत्तर-इस अथर्वशीर्ष का जो पाठ करता है, वह ब्रह्मीभूत होता है।, वह किसी प्रकार के विघ्नों से बाधित नहीं होता, वह सर्वतोभावेन सुखी होता है,वह पंच महापापों से मुक्त हो जाता है। सायंकाल इसका पाठ करने वाला दिनमें किये हुए पापोंका नाश करता है, प्रातःकाल पाठ करनेवाला रात्रिमें किये हुए पापों का नाश करता है। सायं और प्रातःकाल पाठ करनेवाला निष्पाप हो जाता

है।(सदा)सर्वत्र पाठ करने वाला सभी विघ्नों से मुक्त हो जाता है एवं धर्म,अर्थ, काम तथा मोक्ष-इन चारों पुरूषार्थों को प्राप्त करता है। यह अथर्वशीर्ष उसको नहीं देना चाहिये,जो शिष्य न हो। जो मोहवश अशिष्यको उपदेश देगा, वह महापापी होगा। इसकी एक हजार आवृत्ति करनेसे उपासक जो कामना करेगा, इसके द्वारा उसे सिद्ध कर लेगा।

खण्ड - 2

कलश स्थापन एवं पूजन

इकाई – 1 कलशादि स्वरूप विवेचन

इकाई की रूप रेखा

1.1 - प्रस्तावना

1.2 - उद्देश्य

1.3- कलशादिस्वरूप विवेचन

1.3.1 कलश प्रकार एवं परिमाण

1.3.2 कलश पर नारियल रखने की विधि

1.4- सारांश

1.5 - शब्दावली

1.6 -अभ्यासार्थ प्रश्न- उतर

1.7- सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1.8 -उपयोगी पुस्तके

1.9- निबन्धात्मक प्रश्न

1.1 प्रस्तावना

इस इकाई से पूर्व की इकाई के प्रथमखण्ड में आपको पूजन प्रयोजन, महत्त्व तथा पूजन विधि (प्रकार) का अध्ययन कराया गया, साथ ही स्वस्तिवाचन एवं संकल्प के साथ श्री गणेशाम्बिका का पूजन तथा स्तोत्रपाठ की विधि भी बतायी गई, जो प्रत्येक पूजन के प्रारम्भ में अनिवार्य रूप से आचार्यों द्वारा सम्पन्न करायी जाती है।

प्रस्तुत इस खण्ड में कलश पूजन के प्रयोजन एवं महत्त्व का आप अध्ययन करेंगे जो गणेश पूजन का अनिवार्य अंग है।

1.2 उद्देश्य

इस इकाई के अध्ययन के बाद आप कलश पूजन का महत्त्व एवं प्रकार के विषय मे अच्छी जानकारी प्राप्त कर लेंगे। इसके साथ ही पुण्याहवाचन क्यों? तथा कैसे सम्पन्न होता है ? इस विधि को भी अगली इकाई में अच्छी तरह आप जानेंगे। अन्त में अभिषेक की प्रक्रिया क्या है? तथा कैसे सम्पन्न होगा? इन सभी बातों को आप अच्छी तरह समझ जायेंगे तथा वर्तमान समाज के लिए धार्मिक दिषा प्रेरक के रूप में आप अत्यन्त उपकारी सिद्ध होंगे।

1.3 कलशादिस्वरूपविवेचन

मुख्य खण्ड -1

भारतीय संस्कृति में ‘मंगल कलश’ का सर्वोच्च स्थान है। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सभी धार्मिक कार्यों का शुभारम्भ मंगलकलश स्थापन से ही होता है। ‘आप देखते हैं कि छोटे अनुष्ठानों से लेकर बड़े बड़े यज्ञों में भी सबसे पहले मंगलकलश यात्रा (जलयात्रा) निकलती है, जिसमें सौभाग्यसम्पन्न महिलाएँ तथा कन्यायें सम्मिलित होकर मंगलकलश को अपने सिर पर रखकर मंगलगीत गाते हुए मगलवाद्यों के साथ सोल्लास किसी नदी के तटपर जाती हैं तथा वहाँ आचार्यों के द्वारा वरुण पूजन (जलपूजन) सम्पन्न कराया जाता है जिसके बाद उस पवित्र जल से कलश को भरकर (पूर्णकर) उसे आम्रपल्लव (आम्र वृक्ष का पत्ता) आदि से सुषोभित कर यज्ञस्थल पर महिलाएँ लाती हैं। इसके बाद ही यज्ञ का शुभारम्भ होता है। यही नहीं आप देखते होंगे कि बड़े बड़े मन्दिरों के ऊपर भी मंगल कलश (धातु निर्मित) स्थापित रहते हैं। आपके मन में यह जिज्ञासा जरुर होगी कि

वास्तव में इसका महत्त्व इतना क्यों है? इसका ऐतिहासिक स्वरूप क्या है? आदि आदि। इसी बात को सरलरूप से बताने के लिए यह छोटा सा प्रयास किया जा रहा है जो कि अत्यन्त आवश्यक है।

सर्वप्रथम आप यह जानते हैं कि कलश का अर्थ घट (घड़ा) होता है। फिर जिज्ञासा होगी कि इसे कलश क्यों कहते हैं, तो आइये हम बताते हैं-

कलश शब्द का अर्थ करते हुए महर्षि यास्क ने कहा है-

'कलश: कस्मात् ? कला अस्मिन् शेरते इति' अर्थात् देवताओं की कलायें (दिव्य तत्त्व या दिव्य अंश) जिसमें निवास करें वही कलश है । इसका तात्पर्य यह है कि देवताओं के दिव्य अंश को मन्त्र पढकर हम इस कलश में आवाहन करते हैं तथा वे तत्त्व इस कलश में अनुष्ठान पूर्ण होने तक सुरक्षित रहते हैं जिनका दर्शन हमें दिव्य जल के रूप में होता है। इसीलिए कलशपूजन के समय - ''यावत् कर्म समाप्तिः स्यात् तावत्त्वं सुस्थिरो भव''' ऐसा कहते हैं। अस्तु !

इस प्रकार यह सिद्ध हुआ कि देवताओं की दिव्य कलाओं का जिसमें आवाहन किया जाय तथा अनुष्ठानपूर्ण होने तक जिसमें उन दिव्यतत्त्वों को सुरक्षित रखा जाय उसी का नाम कलश है। संभवतः इसीलिए कलशपूजन के क्रम में यह प्रसिद्ध श्लोक भी पढ़ा जाता है।

''कला कला हि देवानां दानवानां कला: कला:
संगृह्य निर्मितो यस्मात् कलशस्तेन कथ्यते।''

अब हम आपसे इसके ऐतिहासिक स्वरूप की भी कुछ चर्चा संक्षेप में करेंगे जो यहाँ अनिवार्य है जिसे शायद आप जानते भी होंगे।

पौराणिक दृष्टि से इस कलश का प्रादुर्भाव समुद्र से होता है क्योंकि जब अमृत प्राप्ति के लिए समुद्र-मन्थन हो रहा था, तब उसमें से 14 रत्न निकले जिसमें स्वयं भगवान् धन्वन्तरि अमृत से भरे हुए कलश को लेकर प्रकट हुए । ये चौदह रत्न निम्नलिखित हैं -

1. लक्ष्मी,
2. मणि,
3. रम्भा,
4. वारुणी (मदिरा),
5. अमिय (अमृत),
6. शंख,
7. गजराज (ऐरावत हाथी),
8. कल्पद्रुम

9. चन्द्रमा

10. कामधेनु,

11. धन,

12. धन्वन्तरि (वैद्य),

13. विष,

14. उच्चैःश्रवा (घोड़ा)।

इसे याद रखने के लिए एक हिन्दी का प्रसिद्ध दोहा है जिसे मैं आपको बताने जा रहा हूँ।

श्रीमणिरम्भावारुणी अमियषंखगजराज।

कल्पद्रुमशशिधेनुधन धन्वन्तरिविषवाजि ।।

यह पूरा प्रसंग श्रीमद्भागवत के अष्टम-स्कन्ध में वर्णित है। प्रसंगवश इसे मैने बताया। इसे विषयान्तर न समझें। इसी का संकेत कलषपूजन के समय वरुण-प्रार्थना के रूप में किया गया है।

देव दानव संवादे मथ्यमाने महोदधौ।

उत्पन्नोऽसि तदा कुम्भ विधृतो विष्णुना स्वयम्।।

इसके आगे के श्लोकों की चर्चा प्रसंग आने पर हम आपसे करेंगे।

यह कलश उसी समुद्रमन्थन का प्रतीक आज भी है। इसमें भरा हुआ जल ही अमृत है। जटाओं से युक्त ऊँचा नारियल ही मानो मन्दराचल है। कलश की ग्रीवा में लपेटे गये रक्षासूत्र ही वासुकि है। मन्थन करने वाले यजमान एवं पुरोहित हैं।

यदि इस कलश को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में वैज्ञानिक दृष्टि से देखा जाय तो इस पृथिवी को ही कलश के रूप में स्थापित किया जाता है। चूँकि पृथिवी एक कलश की भाँति है जो जल को सम्भालकर लगातार वृत्ताकार में घूम रही है।

दूसरी बात यह है कि ब्रह्मा द्वारा निर्मित जगत् की पहली सृष्टि जल है (अप एव ससर्जादौ) जिसके देवता वरुण है। इसलिए भी आदि सृष्टि के प्रतीक के रूप में हम कलश स्थापन करते हैं।

यही नहीं और भी देखें, किसी भी अनुष्ठान के षुभारम्भ में हम आचमन जल से ही करते हैं, ऐसा क्यों? इसका समाधान देते हुए षतपथब्राह्मण ग्रन्थ में कहा गया है कि जल पवित्रतम होता है तथा उपासक या अनुष्ठान करने वाला व्यक्ति (अमेध्य) अपवित्र होता है क्योंकि वह स्वभावतः मिथ्या (झूठ) बोलता रहता है। अतः इस जल के आचमन से वह (उपासक) पवित्र हो जाता है, यही रहस्य आचमन का है। जिसका मूल-वचन भी प्रमाण के रूप में आपके सामने रखा जा रहा है। 'तद्यदप उपष्पृषति - अमेध्यो वै पुरुषो यदनृतं वदति तेन पूतिरन्तरतः। मेध्या वा आपः। मेध्यो भूत्वा

व्रतमुपायानीति। पवित्रं वा आपः। पवित्रपूतो व्रतमुपायानीति तस्माद्वा अप उपस्पृषति।

इसका प्रसंग भी संक्षेप में आपको बताया जा रहा है - यह एक वैदिक यज्ञ है जिसका नाम दर्शपूर्णमास है। इसे करने के लिए उद्यत यजमान आहवनीय एवं गार्हपत्य अग्नि के बीच (मध्य) में पूर्वाभिमुख खड़े होकर व्रतग्रहण के लिए जल से आचमन करता है। तथा व्रत करने के लिये संकल्प लेता है। यही आचमन का प्रयोजन बताया गया है। अर्थात् जल अत्यन्त पवित्र होता है, मनुष्य उसे अनुष्ठानकाल में पीकर भीतर एवं बाहर से पवित्र होता है।

अतः यहाँ भी कलषस्थित जल परम पवित्र है, क्योंकि इसमें सभी वेदों, नदियों तथा पवित्र तीर्थों का आवाहन होता है, जिसे कलशपूजन विधि के प्रसंग में हम आपको आगे बतायेंगे।

इस प्रकार यहाँ हमें विश्वास है कि आप कलश स्थापन के महत्त्व को अच्छी तरह समझ गये होंगे। अब यहाँ कुछ बोध प्रश्न दिये जा रहे हैं आपके लिए-

बोधप्रश्न -

1. गणेश पूजन के बाद किसका पूजन होता है?
2. जल के प्रधान देवता कौन है?
3. अनुष्ठान के प्रारम्भ में व्यक्ति जल से ही आचमन क्यों करता है?
4. समुद्रमन्थन से कितने रत्न निकले थे?
5. पौराणिक दृष्टि से कलश की उत्पत्ति कहाँ से हुई है?
6. समुद्र से अमृतकलश लिए किसका प्राकट्य हुआ था?

1.3.1 कलश प्रकार एवं परिमाण

उपखण्ड - 1

अब हम इस प्रसंग में कलश के प्रकार एवं परिमाण की चर्चा आपसे करेगे। क्योंकि कलश पूजन का महत्त्व जानने के बाद यह स्वाभाविक जिज्ञासा होगी कि वह कलश किससे बना हुआ होता है। तथा कितना बड़ा या छोटा, अर्थात् उसका परिमाण कितना होगा। इसके विषय में शास्त्रों में निर्देश यह मिलता है कि-

स्वर्णं वा राजतं वापि ताम्रं मृन्मयजं तु वा।
अकालमव्रणं चैव सर्वलक्षणसंयुतम्।।

अर्थात् कलश सोने का, चाँदी का, ताम्बे का एवं मिट्टी का भी बना होता है। ये जो भेद देखा जा रहा है वह अधिकारी भेद से है। अर्थात् बड़े-बड़े राजाओं के यहाँ पूजन में सोने के कलश आते थे। इसके बाद सामर्थ्य न होने पर चाँदी के कलश का भी पूजन में प्रयोग होता है। आप वर्तमान में भी देखते होंगे कि बड़े-बड़े मठाधीषों सन्तों महात्माओं तथा श्री विद्या आदि के परम उपासको के पास आज भी हम देखते हैं कि पूजन के सभी पात्र कलश आदि चाँदी के बने रहते हैं जिनसे वे नित्य पूजन करते हैं। इसके बाद बड़े-बड़े शहरों में विभिन्न अवसरों पर जो धार्मिक यज्ञ आयोजित किये जाते हैं, उसमें हम देखते हैं कि चारों वेदियों पर रखने के लिए बड़े-बड़े ताम्र कलश आज भी उपयुक्त होते हैं। हमलोग भी प्रायः नवरात्र आदि के अवसरों पर घर में ताम्रकलश स्थापित करते हैं। फिर भी आज के मँहगाई के समय में जिनका अधिक सामर्थ्य नहीं है वे मिट्टी के बने कलश को बाजार से लाकर अपने अपने घरों में अनुष्ठान के समय धार्मिक अवसरों पर उपयोग में लाते हैं।

अब यहाँ जिज्ञासा होगी कि क्या स्वर्ण या चाँदी के बनाये गये कलशों से अधिक पुण्य होता है, तो ऐसी बात नहीं है। परमात्मा के द्वारा जिसका जैसा सामर्थ्य मिला है उसे वैसा प्रयोग करना चाहिए, पुण्य सबका समान है। हाँ यह बात जरुर है कि धन रहते हुए जो धार्मिक अनुष्ठानों में कृपणता करता है वह उससे भी अधिक दरिद्र अगले जन्म में होता है। अतः सामर्थ्य का ईमानदारी से अनुपालन ईष्वर के सामने करना चाहिए। क्योंकि जिसने आपको दिया है वह आपका सामर्थ्य अच्छी तरह जानता है।

यदि आप सामर्थ्यानुसार मिट्टी के कलश का प्रयोग करते हैं तो आगे परमात्मा स्वर्ण कलश प्रयोग तक अवष्य ही आपको सामर्थ्य देगा यह लेखक का विष्वास है। अस्तु।

अब हम कलश के प्रकार के बाद परिमाण (माप) की भी चर्चा करेंगे। जैसा कि शास्त्रों में निर्दिष्ट है-

पंचाशांगुल्य वैपुल्यमुत्सेधे षोडशांगुलम्।
द्वादशांगुलकं मूलं मुखमष्टांगुलं भवेत्।।

अर्थात् कलश 15 अंगुल बड़ा, इसकी ऊँचाई 16 अंगुल, 12 अंगुल गहरा तथा इसका मुख भाग (ऊपर का भाग) आठ अंगुल का होना चाहिए।

